## खबर संक्षेप

### ईद-ए-मिलाद पर 16 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए 16 सितंबर (सोमवार) को 'ईद-ए-मिलाद' (मिलाद-उन-नबी) के अवसर पर राज्य में सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित किया है। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पहले से निर्धारित ऐच्छिक अवकाश को यथावत रखा गया है। गौरतलब है कि पूर्व में 'ईद-ए-मिलाद' पर 17 सितम्बर को अवकाश घोषित किया गया था।

### पाररास फीडर से विद्युत आपूर्ति आज रहेगी 3.30 घंटे बाधित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बालोद के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद उपकेन्द्र के पाररास फीडर की विद्युत आपूर्ति 14 सितम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 02.30 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि बालोद वितरण केन्द्र के अंतर्गत नए लाईन के विस्तार कार्य एवं 02 नए ट्रांसफार्मर लगाने हेतु विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# बाढ़ से थानखम्हरिया-देवकर सड़क जर्जर सरदा अतरगढ़ी से रांका को जोड़ने वाला मार्ग बह गया

कहर : दो भागों में बंटी सड़क के बीच तेज बहाव में बह रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंचल की लाइफलाइन शिवनाथ नदी में बाढ़ के कारण विशाल जलभराव की स्थिति बीते दिनों रही। वहीं अब जलस्तर के कम होते ही खेतों सहित सड़क की दुर्दशा नज़र आने लगी है। इसी फलस्वरूप नेशनल हाइवे पर स्थित कठिया-रांका एवं सरदा के बीच बनी पीडब्ल्यूडी की मुख्य सड़क में अतरगढ़ी गाँव के पास शिवनाथ के उलट जल प्रवाह के कारण काफी खतरनाक रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसमे सड़क निर्माण की गुणवत्ता की असलियत का पोल खुल गया। क्षेत्र में लाखों-करोड़ों रूपये की सड़क में मज़बूती एवं गुणवत्ता से खिलवाड़ होने के कारण निर्माण के कुछ बरसों में ही सड़क पानी के बहाव में गायब हो चुका है, जिसको लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण तत्काल मरम्मत की मांग कर रहे है। ▶▶| शेष पेज 11 पर





**बहते पानी में जान जोखिम डाल मार रहे मछली :** सरदा अतहरगढ़ी मार्ग में बह कर दो भागों में बट गया है ओर गावों जहां संपर्क पूरी तरह टूट गया है। वहीं बड़ों के साथ छोटे बच्चे जान जोखिम में डालकर मछली पकड़ते हुए मुसीबत मोल ले रहें हैं। प्रशासन को इस पर गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि आपदा बता कर नहीं आती इसी तरह की लापरवाही से घटना घट चुकी है। लोकनिर्माण विभाग अंतर्गत साजा सब डिवीजन इलाके की थानखम्हरिया-देवकर की सड़क भी बीते दिनों आयी बाढ़ की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई है, जिस पर से होकर आवागमन करना फिलहाल काफी खतरनाक हो गया है। इसके बावजूद क्षेत्र के लोगों का आवाजाही बना हुआ है जो काफी गंभीर बात है। दरअसल बता दें कि थानखम्हरिया-देवकर की सड़क पर भोजेपारा गाँव के समीप नाले का पानी विगत दिनों उफान के कारण कई फीट ऊपर से बह रही थी, जिसका असर फिलहाल जलस्तर घटने के बाद दिखाई दे रहा है। पीडब्ल्यूडी की 35 किलोमीटर की सड़क पर मोहगांव-भोजेपारा के बीच नाले के तेज ▶▶| शेष पेज 11 पर

### सड़क से गुजरना चुनौतीपूर्ण

वहीं इस सम्बंध में अभी तक शासन-प्रशासन द्वारा उचित मरम्मत की भी व्यवस्था नहीं कराई गई है। जिसके कारण सड़क पर से गुजरना चुनौतीपूर्ण है। ज्ञात हो कि यह सड़क देवकर तहसील क्षेत्र को विकासखंड मुख्यालय साजा क्षेत्र से जोड़ती है, लिहाजा इस व्यस्त सड़क की उपयोगिता को देखते हुए आमजनो द्वारा तत्काल मरम्मत की मांग की जा रही है। इस सम्बंध में भाजपा के स्थानीय वरिष्ठ कार्यकर्ता गुलमीर खान ने बताया कि बाढ़ के पानी मे भोजेपारा के पास सड़क का काफी हिस्सा खोखली होकर बह चुका है, जो जाने-अनजाने में हादसे का कारण बन सकता है, चूंकि इस समस्या को स्थानीय विधायक से अवगत कराकर तत्काल इस सड़क को दुरुस्त कर ठीक किया जाएगा।

## जिले के 4 तहसीलदार व 2 नायब का हुआ तबादला 3 भेजे गए बस्तर

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग अधीनस्थ मंत्रालय द्वारा राजस्व विभाग में बडी सर्जरी करते हुए थोक के भाव में तहसीलदारों का तबादला हुआ है। जिसमें जिले के तहसीलदारों का ट्रांसफर किया गया है। जिसमे जिले के तीन तहसीलदारों का तबादला बस्तर कर दिया गया है वही बेमेतरा तहसीलदर के रूप में पदस्थ परमानन्द बंजारे को दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा तो देवकर में पदस्थ तहसीलदार सुश्री सरिता मढ़रिया को कोंडागांव वही केशवराव वासनिक को सुकमा भेजा गया है ।

बेरला तहसीलदार सुभाष शुक्ला को बिलासपुर के पटवारी प्रशिक्षण शाला, नायब तहसीलदारों में प्रकाश यादव को मुंगेली, प्रांजल प्रजापति को रायपुर ज़िला में नया पदस्थापना किया गया। वही उनके स्थानों पर धमतरी से तहसीलदार बलराम तम्बोली बेमेतरा, बिलासपुर से नायब तहसीलदार सुश्री-प्रियंका कुशवाहा,बलरामपुर-रामानुजगंज से राजाराम लहरे नई पदस्थापना के रूप ज़िला में आकर पदभार सम्भालेंगे।

बहरहाल बेमेतरा जिले से थोक के भाव में तहसीलदारों व नायब तहसीलदरों हटा चर्चा का विषय बना हुआ है। राजनैतिक सूत्रों के अनुसार बस्तर भेजे गए अधिकारियों की पूर्व सरकार के वक्त के जनप्रतिनिधियों की निकटता होना बताया जा रहा है। हालंकि यह भी बताया जा रहा की राजस्व मामले में इन अधिकारियों की जानकर आम जनों से शिकायत भी सामने आ रही थी।

## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना व विंग जोहार की बैठक आज

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं इनके राजनीतिक विंग जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का संयुक्त बैठक कुर्मी भवन, पेट्रोल पंप के पास कन्तेली बेमेतरा में 14 सितम्बर को दोपहर 11 बजे से रखी गई है। बैठक में मुख्य रूप से नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को लेकर वृहद चर्चा व निर्णय लिया जायेगा। साथ ही किसानों एवं मजदूर की समस्याओं को लेकर चर्चा होगी। बैठक में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेशाध्यक्ष अजय यादव व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अमित बघेल, सेवानिवृत्त सैनिक फौजी सूर्या सिंह चौहान, निलेश साहू जिलाध्यक्ष, राजेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, सभी जिला पदाधिकारी, ब्लाक पदाधिकारी एवं सदस्यगण सम्मिलित रहेंगे।

## शिवनाथ में बाढ़, डूबान क्षेत्र की हजारों एकड़ फसल डूबी



**बेमेतरा/बेरला।** जिले की लाइफलाइन शिवनाथ नदी में विगत तीन दिनों से पानी काफी उफान पर है, जिसके उलट धार के रूप में नदी का पानी बेरला तहसील एवं देवरबीजा उपतहसील इलाके के खेत- खलिहान में पहुंचकर उन्हें जलमग्न कर दिया है। जिसे दूर-दूर तक देखने में खेतों के बजाए सिर्फ विशालकाय तालाब की भांति नज़र आ रहा है। बाढ़ के कारण शिवनाथ नदी की भयंकर स्थिति ने किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरें खींच दी है।

- पौधों के बहने, झुकने व गलने की आशंका से किसान परेशान

जानकारी के मुताबिक बाढ़ से शिवनाथ के इर्द-गिर्द बसे बेरला विकासखण्ड के करीब तीन दर्जन गाँव-परिक्षेत्र के हज़ारों एकड़ खेत की फसल पानी में डूब गई है। शिवनाथ के डूबान क्षेत्रों में बाढ़ ने तीन दिनों तक भारी तबाही मचाते हुए अन्नदाता किसानों को काफी चिंताजनक स्थिति में ला दिया है। हालत यह है कि नदी के उलट पानी का असर खेतों में व्यापक रूप ले लिया है। जैसे-जैसे नदी का जलस्तर घट रहा है, वैसे ही खेतों में पानी की लेवल कम हो रहा है, जो काफी धीमा है। लिहाजा कृषि विशेषज्ञों की माने तो तीन-चार दिनों तक फसल के पानी मे डूबे रहने से पौधे के गलने की संभावना बढ़ जाती है। वही लगातार जलप्रवाह एवं जलजमाव से पौधे की डाल झुक जाती है जो स्पष्ट खतरे का संकेत है। वही कई स्थानो पर तो तेज धारा में पौधे के बहने की आशंका जताई जा रही है।

### क्षति पूर्ति की मांग उठने लगी

आगामी दिनों में खेतों के पानी कम होने पर ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फलस्वरूप शिवनाथ नदी के बाद ने क्षेत्र के हज़ारों एकड़ की फसल की हालत बिगाड़ दी है। जिसके कारण क्षेत्र के अन्नदाता किसान शासन-प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग भी करने लगे हैं।





प्रीमियम आवासीय प्लॉट, लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप

रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित | भारत माला परियोजना के नजदीक

7 वंडर सिटी | संपर्क : 73899 00999, 62621 10999


महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | 10 कि.मी. जय स्तंभ चौक से मात्र 10 कि.मी. की दूरी

Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER: 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) | इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है । हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 25% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only

*शर्तें लागू

Embassy

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने सुनी समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में गुरुवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उपस्थित रहकर काफी संख्या में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में विभिन्न विषयों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इनमें से अधिकतर आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जन सहयोग केंद्र में प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा, आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजयशंकर मिश्रा, रूपनारायण सिन्हा, आईटी सेल के प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई भी मौजूद रहे।

### जेल में देवेंद्र से मिले भूपेश



रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को बलौदाबाजार कांड में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव से मिलने जेल पहुंचे। उन्होंने देवेंद्र से मुलाकात की। श्री बघेल ने सूर्यकांत तिवारी से भी मिलने की कोशिश की, लेकिन अनुमति नहीं मिली। इसे लेकर श्री बघेल ने अफसरों पर तीखे हमले किए।

### पॉवर कंपनियों में आईआर की जगह अब आईडी एक्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की तीनों कंपनियों में अब छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (आईडी एक्ट) प्रभावशील होगा। इसके पूर्व कंपनी में छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 (आईआर एक्ट) लागू था। राज्य शासन की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद इसे विद्युत कंपनियों ने लागू कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ने परिपत्र जारी किया है। 11 सितंबर को जारी परिपत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा जारी अधिसूचना छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 के उपबंध में वर्णित उद्योगों की अनुसूची में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण उद्योग आते हैं।

### सीमेंट की कीमत में बढ़ोतरी कमीशनखोरी का प्रमाण



रायपुर। छत्तीसगढ़ में सीमेंट के बढ़े दामों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विष्णु भोग सीमेंट और बीजेपी सीमेंट कमीशन खोरी की पहचान का स्लोगन लिखी तख्तिया हाथों में रखी थीं। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सीमेंट के बढ़े हुए दामों को वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि 310 रुपए की सीमेंट बोरी को आम आदमी नहीं उठा पा रहा था और अमीर आदमी उस सीमेंट के बोरे को आसानी से उठाता हुआ दिखाई दिया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सीमेंट के बढ़े हुए दाम आम आदमी से जुड़े हुए हैं। यह मुद्दा प्रदेश के गरीब एवं मध्य वर्गीय परिवार से सीधा जुड़ा हुआ है।

# छत्तीसगढ़ के 4 शहर में ई-बसों को बढ़ावा देने केंद्र ने जारी की 30.19 करोड़ की पहली किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित भिलाई-दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा शहरों में अब तेजी के साथ ई-बसों के लिए सब स्टेशन, डिपो सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं मिलेगी। केंद्र सरकार ने इन चारों शहरों में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए पीएम ई-बस योजना के तहत 30.19 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी कर दी है। इस किस्त के जारी होने के बाद अब इन चारों शहर में ई-बसों की बुनियादी सुविधाओं का जल्द से जल्द विकास और उन्नयन हो पाएगा। पीएम ई-बस योजना के तहत देशभर में 169 शहरों में पीपीपी मॉडल पर 10 हजार इलेक्ट्रिक बसें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के रायपुर, भिलाई-दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा में भी 240 ई-बसों को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत इन चारों शहरों में ई-बसों के लिए सब स्टेशन, डिपो सहित अन्य सुविधाओं का विकास एवं उन्नयन करने के लिए केंद्र ने 30.19 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की है।

**छत्तीसगढ़ की कुशल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम :** आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में पीएम-ई-बस सेवा योजना की स्थिति का जायजा लिया। इसके तहत छत्तीसगढ़ के लिए ई-बसों की खरीदी के लिए स्वीकृत किए गए सभी बुनियादी ढांचे के प्रस्ताव, जिसमें चार्जिंग के लिए सिविल डिपो अवसंरचना और बिजली अवसंरचना का विकास शामिल है।

## रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा में ई-बसों के लिए बिजली और बस डिपो का किया जाएगा निर्माण



### वर्ष 2027 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने के अनुरूप है योजना

*उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छी पहल है जो वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने के हमारे और प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है। व्यक्तिगत और सार्वजनिक परिवहन दोनों से जुड़े कार्बन को कम करके, हम अपने राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। विदित हो कि पीएम-ई-बस सेवा योजना 16 अगस्त 2023 को भारत सरकार द्वारा ई-बस संचालन को बढ़ाने और हरित शहरी प्रगतिशीलता पहल के तहत 181 शहरों में बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य डिपो के बुनियादी ढांचे के विकास और उन्नयन के साथ-साथ मीटर के पीछे बिजली के बुनियादी ढांचे के निर्माण करना है, जैसे कि ई-बसों के लिए सबस्टेशन। इस योजना में बस प्राथमिकता, बुनियादी ढांचे, मल्टीमॉडल इंटरचेंज, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और एनसीएमसी-आधारित स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली जैसी हरित पहलों की भी परिकल्पना की गई है।*

## सीएम साय ने की कलेक्टर कांफ्रेंस : कामकाज में कमजोरी पर दिखा गुस्सा

# राजस्व मामलों की सुस्ती पर बिफरे सीएम तीन जिलों के कलेक्टरों पर दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजस्व मामलों के तेजी से निराकरण के कई बार निर्देश के बावजूद इन मामलों को लेकर सुस्ती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नाराजगी दिखाई है। गुरुवार को रायपुर के सर्किट हाउस में कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान श्री साय ने राजस्व मामलों की धीमी गति को लेकर सारंगढ़, बस्तर और खैरागढ़ जिलों के कलेक्टरों पर नाराजगी जताई। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे राजस्व प्रकरणों को तेज गति से निपटाने के लिए काम करें। राजस्व संबंधी सभी काम समय सीमा में पूरे किए जाएं।

कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, असर्वेक्षित ग्रामों की जानकारी, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा, अविवादित नामांतरण के केस को समय सीमा पर पूरा करें, 70 प्रतिशत से कम निराकरण वाले जिले ज्यादा फोकस करें। विवादित विभाजन के प्रकरण 6 माह से ज्यादा लंबित न हों।



### छोटी-छोटी त्रुटि सुधरवाने भटकते हैं लोग

मुख्यमंत्री ने इस कांफ्रेंस के दौरान राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखते हुए कहा कि सीमांकन जनता से जुड़ा विषय है, जो आदेश है उसका सीमांकन हो जाये। नागरिक छोटी छोटी त्रुटि के लिए भटकते रहते हैं। जल्द से जल्द निराकरण हो इसका ख्याल रखें। डायवर्शन में जिलों का प्रदर्शन अच्छा है, समय सीमा में निराकरण करने से सरकार की छवि बनती है। आपके अधीनस्थ समय पर कोर्ट पहुंचें इसका ध्यान रखें। उन्होंने संभागायुक्तों से कहा है कि वे भी लगातार मॉनीटरिंग करते रहें।

### विश्वकर्मा योजना कई जिलों में शून्य

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों की शून्य प्रगति पर जतायी नाराजगी। इस संबंध में खैरागढ़, सारंगढ़, सक्ती, रायगढ़ जिलों की शून्य प्रगति पर मुख्यमंत्री नाराज हुए। मुख्यमंत्री ने कहा ये आंकड़े चिंताजनक हैं।

### स्वास्थ्य विभाग के इस काम पर भी नाराजगी

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री के निर्देश दिया है कि पोषण पुनर्वास केंद्र, खैरागढ़ में बेड ऑक्यूपेंसी और क्योर रेट जीरो होने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सभी जिले आयुष्मान पंजीयन आगामी 6 माह में शत प्रतिशत करें। पीएम जनऔषधि के जो केंद्र संचालित नहीं हैं उन्हें शुरू करें। सुनिश्चित करें कि मरीजों को जनऔषधि केंद्र स्पष्ट रूप से दिखें, डायलिसिस की सुविधा हर जिले में उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

### सूपेबेड़ा : जरूरत पड़े तो दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाएं

मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले के सूपेबेड़ा की स्थिति पर मंथन के दौरान सूपेबेड़ा में किडनी रोगियों पर जतायी चिंता और कहा कि किडनी के मरीजों की संख्या घटाने तेजी से कार्य करें, जरूरत पड़े तो दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाकर काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम का रोगियों को लाभ मिलना चाहिए।

### मनरेगा में कम रोजगार पर भी नाराजगी

मुख्यमंत्री ने विभागवार कामकाज की समीक्षा करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा में कई बिंदुओं पर खामियों को पकड़ा। उन्होंने मनरेगा में मानव दिवस की सृजन कम होने पर बस्तर कलेक्टर पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी दिखाई। इसके साथ ही कलेक्टरों को ध्यान देने के दिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश-अमृत सरोवर योजना को जन अभियान का स्वरूप दें।

### पीएम आवास की पहली किस्त 15 को मोदी जारी करेंगे

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के राज्य में क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया। कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हमें भारत सरकार से अधिक मात्रा में आवास प्राप्त हुए हैं। जिले विशेष ध्यान देकर पूर्णता सुनिश्चित कराएं। प्रधानमंत्री आवास योजना हमारी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। सीएम ने जानकारी दी कि 15 सितम्बर को प्रधानमंत्री पहली किस्त जारी करेंगे। उन्होंने कहा, सभी कलेक्टर प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष ध्यान दें।

### कलेक्टर कांफ्रेंस महत्वपूर्ण बिंदु

- आठ घंटे चली बैठक सीएम केवल लंच ब्रेक छोड़कर पूरे समय रहे शामिल
- कलेक्टरों के परफार्मेंस की नियमित अंतराल पर समीक्षा होगी
- कलेक्टरों की पहली जिम्मेदारी दंडाधिकारी के रूप में कानून व्यवस्था बनाए रखने की
- रायपुर में होने वाले जनदर्शन में ऐसी समस्याएं ही आएं जिनका समाधान जिला स्तर पर नहीं हो सकता
- विशेष पिछड़ी जनजातियों के बीच जाकर मैं स्वयं पीएम जनमन योजना का क्रियान्वयन देखूंगा- सीएम
- स्कूलों में बच्चों के स्थायी जाति प्रमाणपत्र बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।
- हम जितना तकनीकी नवाचार को बढ़ाएंगे, राजस्व संबंधी भ्रष्टाचार उतना ही घटेगा।
- सिकल सेल के मरीजों को चिन्हांकन और इलाज की समुचित व्यवस्था हो।
- बस्तर ओलिंपिक 2024 का होगा आयोजन।

## आईएएस अफसरों पर शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को राजधानी के एक होटल में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आईएएस अधिकारियों पर शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी रहती है। मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के सदस्यों ने दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाया गया स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएएस अधिकारियों और राजनेताओं का जीवन बहुत कुछ एक जैसा होता है। दोनों का उद्देश्य जनसेवा ही होता है। आईएएस अधिकारी के रूप में आप हमेशा व्यस्त रहते हैं, अपने घर पर भी समय नहीं दे पाते। आईएएस अधिकारी इस सेवा में आने के लिए विशेष पढ़ाई करते हैं। आप सभी बुद्धिजीवी हैं, लेकिन समाज से ही आते हैं। हम सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। हमारा कर्तव्य राज्य की 3 करोड़ जनता की सेवा करना है।

### ...कि लोग आपको याद करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में अपने कार्य के द्वारा अपनी पहचान बनाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। आप अपने कार्यक्षेत्र में ऐसा काम करें कि आपके जाने के बाद भी लोग आपको याद करें। जनता के मन में आपकी स्मृति ऐसी हो कि उन्हें लगे कि वे अधिकारी बहुत अच्छे थे, वे सभी की सुनते थे और समस्याओं का त्वरित निराकरण करते थे। हमें टीम भावना से मिल कर कार्य करना है । छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। हमारी बहुत अच्छी टीम है। आशा है कि हम प्रदेश को बहुत आगे ले जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिरीक्षक अशोक जुनेजा, छग आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पिंगुआ, सचिव आर. प्रसन्ना समेत अधिकारी उपस्थित थे।

## वजन त्योहार के आंकड़ों का सत्यापन करने अधिकारियों को जिलों का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 12 से 23 सितंबर तक वजन त्योहार कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसकी शुरुआत आज से राज्य के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में की गई। महिला बाल विकास विभाग के संचालक ने कार्यक्रम के सत्यापन के लिए अधिकारियों जिलों का प्रभार दिया है, जहां पर वजन त्योहार के दौरान आयोजित गतिविधियों का स्थल पर सत्यापन कर प्रतिवेदन 30 सितंबर तक प्रस्तुत करने कहा गया है।

विभाग के संयुक्त संचालक से लेकर सहायक संचालक स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण प्रतिवेदन एप के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया है। इन अधिकारियों को दो आंगनबाड़ी केंद्रों का वजन प्रक्रिया व आंकड़ों का सत्यापन और वजन त्योहार एप पर एंट्री होने की दशा में उनका सत्यापन करना होगा। सभी अधिकारियों को अलग से लिंक उपलब्ध कराया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत राज्य में वजन त्योहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन 12 से 23 सितंबर तक किया जाना है, जिसमें शून्य से 6 वर्ष से कम बच्चों का वजन एवं ऊंचाई जांच कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की स्थिति का पता लगाया जाएगा। इस दौरान उनके कुपोषण के स्तर की भी जांच की जाएगी। वजन त्योहार का उद्देश्य 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर का आंकलन कर शत-प्रतिशत रूप में सुपोषित करना है।

# कानून व्यवस्था तथा बलौदाबाजार मामले में राज्यपाल से मिले कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बलौदाबाजार आगजनी एवं लचर व बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार पर ध्यानाकर्षण के लिये कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला और ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने निर्दोषजनों की निःशर्त रिहाई एवं प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है। साथ ही राज्यपाल से आग्रह किया है कि बलौदाबाजार मामले की हाईकोर्ट जज की देखरेख में निष्पक्ष जांच करायी जाये या सतनामी समाज की मंशानुरूप पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच कराई जाए। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार की अकर्मण्यता के कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। अपनी नाकामी छिपाने लगातार सरकार प्रशासन का दुरुपयोग कर विपक्षी पार्टी को निशाना बना रही है। बलौदाबाजार में घटित पूज्य जैतखाम को काटे जाने मामले में सतनामी समाज को आज तक न्याय नहीं मिला है, जो कि अत्यंत गंभीर विषय है। साथ ही कलेक्टर परिसर में घटित आगजनी की भयावह घटना घोर प्रशासनिक चूक व सरकार के उदासीनता का नतीजा था। कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा एवं अन्य कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं के खिलाफ बिना किसी साक्ष्य विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा जिसके बाद ना ही कार्यवाही आगे बढ़ाई गई, ना आज पर्यन्त कांग्रेसजनों एवं सतनामी समाज के निर्दोष गिरफ्तार किये गये लोगों का चालान पेश किया गया है। सभा स्थल पर दोनों राजनैतिक दल सहित सतनामी समाज के नेता उपस्थित थे, लेकिन भाजपा समर्थित पीएचई ठेकेदार अजगल्ले एवं भाजपा के बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी, नेताओं की भूमिका संदिग्ध रही है।

### महिलाओं पर बढ़े अपराध

वर्तमान में प्रदेश में महिलाओं से जुड़े अपराध, सामूहिक दुष्कर्म, अनाचार, स्कूली छात्राओं के साथ छेड़छाड़, नाबालिग बच्चियों का लैंगिक शोषण, जैसी घटनाए लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रदेश की महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वहीं ऐसे भी प्रकरण सामने आ रहे हैं, जहां पीड़िता को न्याय दिलाने के बजाय पुलिस मामले में लीपापोती करती है, बल्कि घटना को दबाए जाने दबाव बनाया जा रहा है। प्रदेश के सरकारी हॉस्टल, छात्रावास भी बच्चियों के लिए सुरक्षित नहीं है। वहीं सरकार द्वारा हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने और अपनी नाकामी छुपाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर द्वेषपूर्वक कार्यवाही करने के लिए फर्जी एफआईआर दर्ज की जा रही हैं।

**ये थे मौजूद** : प्रतिनिधिमंडल में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, अमितेष शुक्ल, विधायक लखेश्वर बघेल, महापौर एजाज ढेबर, रायपुर सभापति प्रमोद दुबे, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष पीआर खुंटे, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी, प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा उपस्थित थे।

## श्रीराम चबूतरा में शेड बनाने 25 लाख, पटवा सामुदायिक भवन का लोकार्पण

# मूणत ने रायपुरा में 1 करोड़ से अधिक के कार्य शुरू कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड में श्रीराम चबूतरा रायपुरा पहुंचकर 11 स्थानों पर 86 लाख के नये विकास कार्यो का कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इसी तरह इंद्रप्रस्थ रायपुरा में पटवा समाज सामुदायिक भवन का 2 स्थानों पर 20 लाख में निर्मित नये भवनों का लोकार्पण किया।



पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रायपुरा स्थित रामचबूतरा विधायक राजेश मूणत ने शेड बनाने 25 लाख और पटवा समाज के सामुदायिक भवन में शेड के लिए 5 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने वार्ड के नागरिकों ने बताया कि महादेवघाट को दिव्य तीर्थ स्थल का स्वरूप देने जल्द कार्य प्रारंभ किया जायेगा। श्री मूणत ने अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने निर्देश दिये। कार्यक्रम में नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, वार्ड पार्षद वीरेन्द्र देवांगन, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, दीनबंधु सिंह ठाकुर, गोपी साहू, शारदा गिरी गोस्वामी, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष अशोक पांडे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ।

# सांसद बृजमोहन ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल गुरुवार को राजधानी के शहीद पंकज विक्रम वार्ड और शहीद राजीव पांडे वार्ड में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भाठागांव स्थित बीएसयूपी कालोनी एचपीएल में नाली मरम्मत, संधारण कार्य और 17 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, चबूतरा और रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके अलावा टिकरापारा के सरजूबांधा तालाब के पास विकास कार्यों का भूमिपूजन, शहीद पंकज विक्रम वार्ड के टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन परिसर में 41.11 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 15 लाख की लागत से गोंडवाना समाज भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण, 15 लाख रुपये से शेड और टैगोरनगर में 11 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीसी रोड के लिए 10




लाख रुपए अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की। गोंडवाना भवन टिकरापारा में 200 बेड की क्षमता वाले कन्या छात्रावास निर्माण की घोषणा की है। कार्यक्रम में सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जोन 6 अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव, जोन 5 अध्यक्ष मन्नू यादव, पार्षद उत्तम साहू, समीर अख्तर, जोन कमिश्नर विमल शर्मा, मनीषा चंद्राकर सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

# बस्तर दशहरा : सीएम ने की आयोजन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को अपने निवास कार्यालय 75 दिन तक मनाये जाने वाले देश के ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इस दौरान बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सर्व संबंधितों को सौंपे गए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 75 दिन तक चलने वाला बस्तर दशहरा पर्व हरेली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान के साथ 4 अगस्त 2024 से शुरू हो गया है, जो 19 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा।



यह दशहरा पर्व विभिन्न जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक भावना का महत्वपूर्ण प्रतीक है।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप तथा विधायक किरण सिंहदेव व लता उसेंडी और मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानन्द, बसवराजू एस, राहुल भगत और सचिव अन्बलगन पी, आयुक्त बस्तर डोमन सिंह, बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम, एसपी शलभ सिन्हा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से मिले बाल कल्याण परिषद पदाधिकारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर पदाधिकारी महासचिव चंद्रेश शाह, उपाध्यक्ष डॉ. कमल वर्मा, संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम ने राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में मुलाकात की। साथ ही राज्यपाल को शॉल, विशेष गुजराती पटका और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसी दौरान उन्हें परिषद की गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने परिषद द्वारा संचालित स्पीच थेरेपी सेंटर, मानसिक दिव्यांग गृह, बाल जीवन ज्योति अनुसंधान केन्द्र, खुला आश्रय गृह, राज्य वीरता पुरस्कार और अन्य कार्यों से अवगत कराया।

### सांसद बृजमोहन को सौंपा ज्ञापन, जताया आभार



**रायपुर।** अपनी मांगों को लेकर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा ने बताया कि प्रमुख मांग कचहरी चौक में शहीद हेमू कालाणी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने और हेमू कालाणी चौक का सौंदर्यीकरण किए जाने के लिए दस लाख की मांग की है, जिस पर सांसद श्री अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द शहीद हेमू कालाणी की मूर्ति और चौक सौंदर्यीकरण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा, अमर गिदवानी आदि ने आभार जताया।

### महर्षि कश्यप मुनि जन्मोत्सव सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**रायपुर।** केशरवानी वैश्य कल्याण समिति द्वारा महर्षि कश्यप मुनि का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा की जगह महर्षि कश्यप की पूजा, महायज्ञ, महाआरती और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसी दौरान नवनियुक्त केशरवानी वैश्य कल्याण समिति और महिला सभा रायपुर के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, महामंत्री शिवम केशरवानी, कोषाध्यक्ष अशोक केशरवानी, दोनों समिति के अन्य पदाधिकारियों ने भी शपथ ली।

### मध्यप्रदेश निर्मित शराब के साथ चार गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने एक मकान में दबिश देकर तीन लाख रुपए कीमत की मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब जब्त की है। साथ ही पुलिस ने अवैध रूप से शराब भंडारण करने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सीमेंट कंपनियां ऐसी बेलगाम, दूसरे राज्यों के लिए 20 से 30 रुपए कम दाम, प्रदेश में वसूल रहीं ज्यादा कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अपने राज्य छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां ऐसी बेलगाम हो गई हैं कि लगातार मनमर्जी कर रही हैं। इनके खिलाफ रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने तो मोर्चा खोला ही है, कांग्रेस भी आंदोलन करने सड़क पर उतरी है। गुरुवार को प्रदेशभर में सभी बड़े नेताओं ने आंदोलन किया है, लेकिन इतना सब होने के बाद भी सीमेंट कंपनियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वहीं एक खुलासा यह हो रहा है कि दूसरे राज्यों को सभी सीमेंट कंपनियां छत्तीसगढ़ से 20 से 30 रुपए कम दाम पर सीमेंट बेचने का काम कर रही हैं। नान ट्रेड सीमेंट भी कम कीमत पर दिया जा रहा है। यहां पर यह 260 रुपए में दिया जा रहा है, जबकि इसको मप्र में 240 रुपए की दर से भेजा जा रहा है। इधर अल्ट्राटेक ने खुले बाजार के सीमेंट की कीमत दस रुपए और कम की है। ऐसे में अब सभी कंपनियों के सीमेंट की कीमत 35 रुपए कम हो गई है। छत्तीसगढ़ में 9 बड़ी कंपनियों के 14 सीमेंट प्लांट हैं, जहां हर माह 30 लाख टन सीमेंट का उत्पादन होता है। इस सीमेंट की सबसे ज्यादा खपत बाहर के राज्यों में होती है। यहां पर उत्पादन का 25 फीसदी ही बिकता है, बाकी 75 फीसदी सीमेंट दूसरे राज्यों में जाता है। 9 दिन पहले भी कीमत में 50 रुपए का इजाफा किया गया, लेकिन इसके बाद रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इसके विरोध में पत्र लिखा और कांग्रेस ने भी इसके विरोध में आंदोलन का ऐलान किया, तो कंपनियों ने चौतरफा दबाव में कीमत कम करने का काम किया। जहां अल्ट्राटेक ने पहले 25 रुपए कीमत कम की, वहीं बाकी कंपनियों ने 35 रुपए तक दाम कर दिए। अब अल्ट्राटेक ने दस रुपए दाम और कम कर दिए हैं। ऐसे में सीमेंट की कीमत प्रदेश में 265 से 300 रुपए थोक में हो गई है।

**अल्ट्राटेक ने दस रुपए और घटाई कीमत, नान ट्रेड की अब तक नहीं की कीमत कम**

**दूसरे राज्यों पर मेहरबानी**

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां दूसरे राज्यों पर ज्यादा मेहरबान हैं। जानकारों का दावा है कि छत्तीसगढ़ में जिस कीमत पर सीमेंट बेचा जा रहा है, उससे 20 से 30 रुपए कम कीमत पर दूसरे राज्यों को बेचा जा रहा है। अल्ट्राटेक की यहां पर कीमत 310 रुपए है तो इसको दूसरे राज्यों को 280 रुपए में बेचा जा रहा है। इसी तरह से श्री सीमेंट की कीमत यहां पर 280 रुपए है, पर यह झारखंड और मप्र 250 से 260 में भेजा जा रहा है। इसी तरह से सभी कंपनियां दूसरे राज्यों को कम कीमत पर सीमेंट बेच रही हैं। इसी तरह से नान ट्रेड सीमेंट भी छत्तीसगढ़ से 20 रुपए कम पर मप्र और दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है।



**बिलिंग में भी खेल**

जानकारों का कहना है कि सीमेंट कंपनियां ने भले कीमत करने की बात की है, लेकिन जहां तक बिलिंग का सवाल है तो उसमें बड़ा खेल हो रहा है, उसमें अब भी बढ़ी कीमत ही बताई जा रही है। बिलिंग को कम नहीं किया जा रहा है। इसके एवज में डीलरों को अलग-अलग स्कीम के तहत फायदा दे दिया जाता है।

### आरडीए ने जारी किया वर्कआर्डर, 150 करोड़ का प्रोजेक्ट

# पंडरी के हाट बाजार में खाली होने लगे चबूतरे, एकता मॉल के लिए तोड़फोड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी हाट बाजार में गुजरात की तर्ज पर छह मंजिला पीएम एकता मॉल बनेगा। इसके लिए हाट बाजार के चबूतरों से सामान की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। खाली हो रही जगह में तोड़फोड़ के साथ अनुबंधित एजेंसी स्पेस क्लीयर करने जुट गई है। 27 माह में यह मॉल बनकर तैयार होगा। रायपुर विकास प्राधिकरण ने पीएम एकता मॉल निर्माण के लिए रायपुर की एजेंसी को वर्कआर्डर जारी कर दिया है। एकता मॉल में देशभर के 28 राज्यों के हस्तशिल्प उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। दरअसल, देवेन्द्र नगर के पंडरी स्थित हाट बाजार वाली जगह पर केन्द्र सरकार की योजना के तहत यहां पीएम एकता मॉल का निर्माण होगा। इसके लिए शुरुआत में चबूतरों को खाली कर उसमें रखे समान की शिफ्टिंग की जा रही है। 150 करोड़ की लागत वाले इस प्रोजेक्ट के सुपरविजन का जिम्मा रायपुर विकास प्राधिकरण को दिया गया है। प्राधिकरण को इसके एवज में 15 फीसदी राशि सुपरविजन शुल्क के रूप में मिलेगी। प्राधिकरण ने ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर के डीईई और वीईई प्रोजेक्ट लिमिटेड तथा दीपक पांडे को संयुक्त रूप से अनुबंधित किया है। मॉल में अलग-अलग राज्यों के उत्कृष्ट हस्तशिल्प कलाकृति के स्टॉल रहेंगे। मॉल का सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 4,73,392 वर्गफीट एरिया रहेगा।

- 27 माह में तैयार होगी 6 मंजिला बिल्डिंग, एक जिला एक उत्पाद की तर्ज पर स्टॉल

**27 माह में तैयार होगी 6 मंजिला बिल्डिंग**




सीसीटीवी से लैश परिसर, सेंट्रलाइज्ड एसी, डबल बेसमेंट में पार्किंग की मिलेगी सुविधा

**200 सीटर आडिटोरियम बनेगा**

पीएम एकता मॉल में 200 सीटर क्षमता वाला आडिटोरियम भी बनाया जायेगा। यह कार्यक्रम, सम्मेलन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। रायपुर विकास प्राधिकरण ने मॉल की डिजाइन तय की है। इसके अनुसार बहुमंजिला एकता मॉल बनाया जायेगा।

**एक जिला एक उत्पाद की तर्ज पर स्टॉल**

एकता मॉल में एक जिला एक उत्पाद की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले के चुनिंदा उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। साथ ही देश के प्रमुख राज्य जम्मू कश्मीर, पंजाब, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिसा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, बंगाल सहित 28 राज्यों के बेस्ट प्रोडक्ट उपलब्ध रहेंगे। योजना का मकसद स्थानीय शिल्प को संरक्षित कर पारंपरिक कला को बढ़ावा देना है।

**एजेंसी ने शुरू किया है काम**

एकता मॉल निर्माण के लिए एजेंसी को वर्कआर्डर जारी होने के बाद उसने काम शुरू कर दिया है। समान की शिफ्टिंग के साथ खाली हो रहे स्पेस को क्लीयर करने का कार्य चल रहा है। 27 माह की समय अवधि कार्य पूरा करने अनुबंधित एजेंसी को दी गई है।

**- अनिल गुप्ता**
अधीक्षण अभियंता, रायपुर विकास प्राधिकरण

# छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 64 केन्द्र, कल होगी परीक्षा

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 15 सितंबर को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 02.15 बजे तक छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द (TIIS24) भर्ती परीक्षा 2024 आयोजित की गई है।

इसमें बेमेतरा जिला अंतर्गत 16514 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिला बेमेतरा अंतर्गत कुल 64 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महा. बेमेतरा, शासकीय लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा, शासकीय बालक उच्च माध्य. विद्यालय, बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, बेमेतरा, एलॉन्स पब्लिक स्कूल, बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बेमेतरा, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, बावामोहतरा, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम बहेरा (कुसमी), पोस्ट बावामोहतरा, शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, जेवरी, जिला परियोजना आजिविका महाविद्यालय, चोरभट्ठी, शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, जेवरा, शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, कठियां रांका, प्रेरणा विद्यालय, कठियां, शासकीय हाई स्कूल, लोलेसरा, शासकीय माध्यमिक स्कूल, पिकरी, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, बेरला, शासकीय नवीन कॉलेज, बेरला, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, बेरला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अं. माध्यम स्कूल, बेरला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट 3 अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कुसमी, बेरला, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लेंजवारा, उ.मा. विद्यालय, बारगांव, शासकीय उ.मा. विद्यालय, सरदा तहसील-बेरला, शासकीय उ. मा. विद्यालय सोंढ़, विकासखण्ड बेरला, पं. देवी प्रसाद चौबे उ.मा. विद्यालय मोहभट्ठा, बेरला, रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि एवं विज्ञान केन्द्र महाविद्यालय, ढोलिया बेमेतरा, पं. भगवती प्रसाद मिश्रा शास.उ.मा. विद्यालय, अंधियारखोर, शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ सहित अन्य स्कूल और कॉलेज शामिल हैं।

## श्यामपुर कांपा में पशुओं से फसल की सुरक्षा के लिए बुलाई गई बैठक



**बेमेतरा।** थानखम्हरिया तहसील इलाके के ग्राम श्यामपुर कांपा में सरपंच रोहित साहू की मौजूदगी में फसल की सुरक्षा के लिए गांव से बाहर के घुमन्तू पशुओं की व्यवस्था एवं रखरखाव को लेकर एकमुश्त एजेंडे के तहत बैठक आयोजित की गयी। जिसमें गाँव के समस्त पंचगण एवं ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान सभी ने इस विषय पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी।

ग्रामीणों ने एक सुर में गाँव से बाहर के घुमन्तू पशुओं को कांजी हाउस में रखने की मांग की गई है। वही इस मामले में सरपंच ने पंचगणों सहित सभी ग्रामीणों की सहमति लेकर पशुओं की समस्या से शासन-प्रशासन को अवगत कराने की बात कही। ग्रामजनों ने बताया कि उनके गांव के सभी पशुओं को उनके घरों में है। किंतु बाहर से रोजाना गांव में मवेशियों को लाकर छोड़ दिया गया है जो सड़क पर घूमते हुए खेतों में घुसकर धान एवं अन्य फसलों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे गांव में कभी-कभार विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है, लिहाजा पशुओं का उचित प्रबन्धन जरूरी है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी इस गाँव में दो बार बैठक इसी सम्बंध में ली जा चुकी है जिसमें उचित निर्णय नहीं निकलने पर कल पुनः मीटिंग आहूत की गई।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान गाँव के महावीर चौक में शाम के वक्त आयोजित मीटिंग में सरपंच के साथ उपसरपंच-अंजोर साहू, सन्तोष साहू, खूबीराम साहू, सुशील बंजारे, रामसुख साहू, अभन साहू, लाला साहू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गरबा स्थल पर फूहड़ता फैलाई तो करेंगे विरोध, अश्लील संगीत से बचें, सुरक्षा का करें इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- नवरात्रि से पहले छत्तीसगढ़ विश्व हिन्दू परिषद ने किया आगाह

हर साल नवरात्रि के पावन अवसर को उत्सव की तरह मनाने के लिए गरबा नृत्य किया जाता है। माताजी की पूजा-अर्चना के बाद उन्हें प्रसन्न करने के लिए महिलाओं व पुरुषों की टोली इसमें हिस्सेदारी करती है। इसमें कुछ वर्षों से फूहड़ता फैलाने का प्रयास जारी है। आपत्ति करने पर हिन्दू संगठनों पर आरोप लगाए जाते हैं। इसे देखते हुए इस बार पहले से ही आगाह किया जा रहा है। इसके बाद भी आपत्ति की स्थिति निर्मित हुई, तो विरोध किया जाएगा।

राजधानी में हर उत्सव को खास बनाने का प्रयास किया जाता है। इसमें कुछ ऐसे लोग घुस जाते हैं, जो असुरक्षा की स्थिति निर्मित करते हैं। इसे देखते हुए गुरुवार को प्रेस क्लब में छत्तीसगढ़ विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल रायपुर महानगर के अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह ठाकुर और बंटी कटरे ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता ली। इसमें उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर गरबा नृत्य द्वारा माताजी की पूजा-अर्चना की जाती है। नृत्य में महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी शामिल होते हैं। पवित्र स्थान पर कुछ वर्षों से असामाजिक तत्व और गैर हिन्दू अलग-अलग गरबा स्थल में प्रवेश लेने के बाद धार्मिक वातावरण को बिगाड़ रहे हैं।

इसे रोकने की जिम्मेदारी आयोजकों की है, वे असामाजिक तत्वों को प्रवेश देने और बॉलीवुड के अश्लील गीतों को वर्जित करें। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि गरबा स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि सौहार्द बना रहे।

# अब बदलेगी बेमेतरा की तस्वीर : दीपेश

### विधायक ने सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न वार्डों का अधिकारियों के साथ किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ने गुरुवार को जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नगर के कई स्थानों का भ्रमण किया, जहां पार्किंग की व्यवस्था, नगर में सौंदर्यीकरण एवं नए चौक चौराहे, सब्जी मार्केट स्थल साफ सफाई, भद्रकाली तालाब में सौंदर्यीकरण, चौपाटी निर्माण, वाचनालय में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर, शहर में लाइटिंग व्यवस्था, सिग्नल चौक पर जेबरा क्रॉसिंग, भगवा चौक, सभी चौक चौराहों का जीर्णोद्धार कराने का काम जल्द शुरू कराये जाने को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। विधायक दीपेश साहू बेमेतरा के सिग्नल चौक, भारत माता चौक, नगर पालिका बाजार, सीएमएचओ ऑफिस के निकट खाली पड़ी जगह का निरीक्षण किया है। जहां शहर में भीड़भाड़ के मद्देनजर अधिकारियों को पार्किंग बनाने के दिशा निर्देश जारी किए हैं। वहीं बेमेतरा सिटी कोतवाली के बाउंड्रीवॉल को ऊंचा कर नया गेट लगाने के निर्देश दिए हैं।

वहीं विधायक दीपेश साहू ने बेमेतरा कोबिया वार्ड के कई स्थानों का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण कार्य करने निर्देशित किया है। कलेक्ट्रेट और निर्माणाधीन जिला न्यायालय के निकट संविधान चौक बनाए जाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा की है।

उज्जैन महाकाल लोक के तर्ज पर मां भद्राकाली मंदिर का उन्नयन के लिए चर्चा की गई। विधायक दीपेश साहू के साथ बेमेतरा के नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, युगल देवांगन, रेवा राम निषाद, महेंद्र साहू, दीना नाथ साहू, एसडीएम घनश्याम तंवर, एसडीओपी मनोज कुमार तिर्की सहित पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका सीएमओ, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी राकेश साहू, थाना सहित अन्य कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

**बाढ़ से ...**

वैसे तो कठिया-रांका से सरदा आने के लिए यह एकमात्र मार्ग है इसके बन्द होने पर स्थानीय क्षेत्र का आवागमन काफी प्रभावित होता है एवं क्षेत्रवासियों को एक दूसरे इलाके में जाने के करीब 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा। जिसको लेकर बेरला जनपद सदस्य हेमन्त वैष्णव का कहना है कि यह क्षेत्र का महत्वपूर्ण सड़क है, इसके बाढ़ के कारण खराब हो जाने से करीब 20 गांवों का संपर्क सरदा क्षेत्र एवं जनपद मुख्यालय से कट जाता है जो काफी चिंताजनक है। फिलहाल प्रशासन को त्वरित ही इसका मरम्मत कराकर सड़क मार्ग को बहाली करनी चाहिए।

**बहते पानी में जान ...**

प्रवाह में सड़क का बड़ा हिस्सा टूटकर बह गया है, जो इस सड़क की उपयोगिता के हिसाब से देखा जाए तो काफी अहम है।

# स्वीपिंग मशीन से सफाई का बढ़ेगा दायरा 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर की हवा साफ होने से अब रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई का दायरा बढ़ाया जायेगा। इसके लिए 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट चार्ट तैयार हो गया है। यानी ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर इसके जरिये धूल कम की जायेगी। अभी तक 86 किलोमीटर दायरे की सड़क की मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से सफाई हो रही है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में रायपुर शहर देश के 130 शहरों में सफाई के मामले में 12वें नंबर पर आने के बाद अब टॉप टेन में आने की संभावना बढ़ गई है। शहर की हवा स्वच्छ होने में रोड स्वीपिंग मशीन की अहम भूमिका मानी जा रही है। इसीलिए अब स्वीपिंग मशीन का दायरा बढ़ाया जायेगा। दरअसल, शहर की सड़कों पर उड़ने वाली बारीक धूल के कण की सफाई करना निगम के लिए एक बड़ी चुनौती रही। मेनुवल तरीके से सड़क की सफाई के दौरान उड़ने वाले धूल के बारीक कण की सफाई नहीं हो पा रही थी। आमतौर पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल, तोड़फोड़ और सड़कों पर उड़ने वाली धूल के कण पीएम-10 के लिए जिम्मेदार होते हैं।

- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश में 12वें पायदान पर आने के बाद टॉप टेन पर नजर



इसे हटाने मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर नगर निगम ने मैकेनाइज्ड स्वीपिंग सिस्टम 3 साल पहले शुरू किया। इसके तहत कंपनी ग्लोबल वृच एलपी के साथ अनुबंध किया गया। एजेंसी द्वारा शहर की 86 किलोमीटर दायरे की सड़क की मशीन से रात्रिकालीन सफाई कराने 5 रोड स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसमें से 4 मशीनें अलग-अलग रूट पर रात के समय सड़क की धुलाई और धूल की सफाई के लिए लगाई गई है, जबकि 1 मशीन को रिजर्व रखा गया है। 2025 में नए सिरे से वर्कआर्डर जारी किये जाएंगे, इसके साथ ही 2 अतिरिक्त मशीन रात्रिकालीन सफाई में लगाने की तैयारी है।

# चार घंटे की कार्रवाई में हवा में बात करने वाले 80 बुलेट जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के व्यस्त मार्गों पर मोडिफाई सायलेंसर लगाकर तेज रफ्तार बुलेट वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस कार्रवाई की जद में 80 बुलेट चालक फंसे। मोडिफाई सायलेंसर लगाकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ पांच-पांच हजार रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई।

ट्रैफिक के साथ थानों की पुलिस ने बुलेट चालकों के खिलाफ बुधवार शाम छह बजे से लेकर 10 बजे रात तक अभियान चलाकर कार्रवाई की। इनमें प्रमुख रूप से वीआईपी रोड, तेलीबांधा थाना के सामने के साथ ही जलविहार कालोनी जाने वाले मार्ग में कार्रवाई की। पुलिस ने बुलेट के साथ अन्य तेज रफ्तार तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावित ग्राम में क्लोरीन टैबलेट वितरण

**बेमेतरा।** पिछले दिनों से बेमेतरा ज़िले सहित आसपास के ज़िलों एवं अन्य जगह भारी बारिश के कारण जलाशयों, बांध का पानी खोले जाने से ज़िले से गुजरने वाली नदी, बरसाती नालों में पानी आने से निचले और तटीय गांवों में बाढ़ जैसे हालत उत्पन्न हो गये। ज़िला प्रशासन की सतर्कता से लोगों को विभिन्न प्रचार-माध्यमों से सचेत कर दिया गया था। संभावित प्रभावित गांवों के सुरक्षित स्थानों पर लोगों के लिए राहत शिविर भी खोले गये। जिनमें उन्हें शिफ्ट किया गया। ज़िले के नवागढ़ के बाढ़ प्रभावित ग्राम करमसेन बस्ती में लगभग 150 घर हैं, जिसमें मितानिन द्वारा समस्त घरों में क्लोरीन टैबलेट वितरण किया गया। स्वास्थ अमला प्रतिदिन घर भ्रमण कर सम्बन्धित के स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है, वर्तमान में समस्त आवश्यक दवाइया वहां उपलब्ध है। ग्राम में 12 गर्भवती महिलाएं हैं। सभी का स्वास्थ्य भी ठीक है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि किसी भी महिला का प्रसव की तिथि इस माह सितम्बर में नहीं है, रेस्क्यू टीम के साथ अभी स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमे डॉक्टर, सुपरवाइजर, आरएमए, आरएचओ है स्वास्थ्य जांच के लिए करम सेन मौजूद रहे।

### नेशनल लोक अदालत के संबंध में ली गई बैठक



**बेमेतरा।** नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु वृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन में निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा न्यायाधीश विवेक केरकेट्टा की उपस्थिति में साजा बार अधिवक्ता संघ व राजस्व अधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत सफलतम क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। अधिवक्ता संघ के द्वारा तालुका में अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सचिव महोदया द्वारा राजस्व अधिकारियों से अधिक से अधिक राजस्व प्रकरण को चिन्हांकित कर पक्षकारों को नोटिस तामिली करने एवं लोक अदालत में जनपद पंचायत से संबंधित नरेगा तथा धारा 92 पंचायत अधिनियम से संबंधित प्रकरणों को भी लोक अदालत में रखे जाने का सुझाव दिया। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी टी.आर. महेश्वरी, तहसीलदार उईस्यानी के मानकर, जिला बेमेतरा के लीगल एड डिफेंस अधिवक्ता दिनेश तिवारी व अमन दुबे व साजा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्तागण श्री पुरषोत्तम चौबे, विनोद शर्मा, उपेन्द्र दीवान सहित तालुका के समस्त सम्मानित अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

### आटो में गुमा बैग, युवती तक आरक्षक ने पहुंचाया

**भिलाई।** आटो से घर जाने के लिए निकली एक युवती अपना बैग भूल गई। बैग में स्कूल का मार्कशीट, आधार कार्ड, एटीएम. कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन और अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति था।

**प्रतिक्रिया : कोलाहल पर जारी आदेश का हर वर्ग ने किया स्वागत**

# डीजे से उत्पन्न ध्वनि कानों की सुनने की क्षमता सहित नाड़ी एवं दिमाग पर डालती है बुरा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद डीजे को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाईड लाईन का अगर प्रशासन ने कड़ाई से पालन कराया तो माना जा रहा है कि कानफोडू और दिल को दहला देने वाला कोलाहल नहीं सुनाई देगा इस मुद्दे पर हरिभूमि ने जिले के आमजनों के साथ साथ वकील , शिक्षक, डॉक्टर, व्यासायिक व सामाजिक क्षेत्र वर्ग के लोगों से न्यायालय एवं सरकार के द्वारा डीजे पर जारी गाइड लाइन पर उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही जिस पर सभी ने सर्वोच्च न्यायालय के आधार पर सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का जहां स्वागत किया। वहीं जिला प्रशासन से कड़ाई से कारवाई की उम्मीद जताई है। शिक्षाविद डॉ. वसुबन्धु दीवान ने कहा कि आम जन बरसों से इस कानफोडू गीत संगीत का विरोध कर रहे थे। मेरे घर के पीछे सघन आवासीय वार्ड में बने एक वाटिका में आये दिन बजने वाले इस फूहड़ आवाज के विरुद्ध मैं निरन्तर प्रशासन से पूर्व में विरोध करता रहा हूँ। वस्तुतः डीजे से उत्पन्न ध्वनि आम जन के कानों के सुनने की क्षमता को ही प्रभावित नहीं करता है वरन इसका नाड़ी एवं दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है।

- प्रशासन से कारवाई की जताई उम्मीद
- डीजे पर जारी आदेश को लेकर आमजनों ने दी प्रतिक्रिया

### कोलाहल अब सुनाई नहीं देगाः डॉ. ताम्रकार



नेत्र चिकित्सक डॉ विनय ताम्रकार ने कहा कि प्रदेश में डीजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकार ने डीजे को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई है जो स्वागत योग है। लेकिन जिला प्रशासन से उम्मीद है कि आने वाले धार्मिक उत्सव तथा शादी विवाह के दौरान जिले में डीजे साऊड की कानफोडू और दिल को दहला देने वाला कोलाहल नहीं सुनाई देगा ओर गाईडलाईन का सख्ती से पालन कलेक्टर और एसपी कराएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अमल हो : बाररूम अध्यक्ष चौबे



जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रणिश चौबे ने कहा की प्रदेश में डीजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरकार ने जो निर्णय लिया है। उस पर अगर अमल हो यही आमजन चाहते, पर से इसमें कोताही बरती जाती है। उन्होंने बताया कि आदेश में कहा गया है कि अब डीजे लगाने वाली गाड़ियों का परमिट निरस्त किया जाएगा ओर नई गाईडलाईन का सख्ती से पालन करने के लिए सभी कलेक्टर और एसपी को निर्देश दिए गए हैं। राज्य शासन की नई गाईडलाईन के मुताबिक कोई भी वाहन अगर डीजे लगाए हुए दोबारा पकड़ा गया तो उसका परमिट रद्द कर दिया जाएगा। उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई होगी।

### कानून का कड़ाई से पालन होः दिनेश



जिले के वरिष्ट पत्रकार दिनेश दुबे ने हरिभूमि से कहा डीजे यंत्र से केवल लोगों को परेशानी होती है अपितु इसके बजाने से बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को प्रभावित करता है इसलिए डीजे के लिए तो कड़ा कानून बनाने से ही कुछ नहीं होगा बल्कि कड़ा कानून कड़ाई से पालन होना चाहिए। न्यायालय द्वारा बार-बार इस पर प्रतिबंध लगाने लगाया जाता है उसके बाद भी इसका असरदार प्रभावशाली कार्रवाई अभी तक के प्रदेश में कहीं भी देखने को नहीं मिल रहा है इसलिए डीजे के लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। और जिसमें केवल पुलिस का ही नहीं बल्कि इसमें जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन आम जनता के साथ जनप्रतिनिधि की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। डीजे बहुत घातक है डीजे की ध्वनि से कई घटनाएं घट चुकी है।

### ध्वनि प्रदुषण जीवन शैली को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही : शैलेश



अधिवक्ता शैलेश तिवारी ने कहा की वर्तमान परिवेश में ध्वनि प्रदुषण आम जन मानस की जीवन शैली को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। इस तारतम्य में डीजे साउंड सिस्टम की ध्वनि तो मानव जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाला है ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में शासन को गाइड लाइन बनाकर प्रशासन के माध्यम से शक्ति से लागू किया जाना चाहिए। इस संबंध में समय-समय पर माननीय न्यायालय द्वारा दिशा निर्देश दिया गया है जो अनुकरणीय है किंतु व्यवहारिक रूप से ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर अंकुश नहीं लगा है जो गंभीर विषय है।

### सरकार के आदेश पर सख्त पालन हो : ललिता



लयनेश क्लब की पूर्व अध्यक्ष ललित साहू ने शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार के आदेश पर सख्त पालन होना चाहिए उन्होंने बताया की जब डीजे घर के बगल से निकल जाए तो मानव शरीर के साथ -साथ घर में रखे बर्तन, दीवार तक कांपने लगते हैं। जो निश्चित रूप से बेहद खतरनाक है। यहीं वजह है कि इस रोक लगाने की मांग लम्बे अर्से से उठ रही थी।

### सख्त कार्रवाई हो : दिव्या



ग्रहणी दिव्या राजपूत ने कहा विवाह से लेकर विभिन्न धार्मिक अवसरों पर डीजे का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। इन विशेष अवसरों पर क्या शहरी और क्या गांव हर तरफ डीजे का कान फोडू और दिल को दहला देने वाला कोलाहल सुनाई देता है। जिसके संबंध में लोगों द्वारा लगातार शिकावा शिकायते भी स्थानीय प्रशासन से की जाती रही है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लेकिन अब जिस ढंग से सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद राज्य शासन ने डीजे को लेकर नई गाईडलाईन जारी की है उसे लेकर माना जा रहा है कि अगर प्रशासन इसका कड़ाई से पालन कराता है तो लोगों को राहत मिलेगी।

## साक्षर बनाने उल्लास साक्षरता केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता एवम संख्यात्मक ज्ञान प्रदान करने की शासन की योजना अंतर्गत प्रत्येक साक्षरता केंद्रों में प्रत्येक 1 केंद्र में प्रत्येक 10 असाक्षर के पीछे एक स्वयंसवी नियुक्त कर असाक्षरों को बुनियादी दक्षताएं प्रदान कर 2027 तक देश को पूर्ण साक्षर बनाना है। इस हेतु जिला स्तर पर सर्वप्रथम कुशल प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षकों द्वारा जोन स्तर पर स्वयंसेवी प्रशिक्षण दिया गया तथा साक्षरता केंद्रों के शुभारंभ का निर्देश प्राप्त हुआ। इसी तर्ज पर शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में 12 सितम्बर को उल्लास साक्षरता केंद्र का शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा स्वयं सेवी विरेन्द्र सिन्हा का तिलक लगा कर स्वागत किया गया स्वयं सेवी द्वारा सभी असाक्षरों का स्वागत किया गया रिबन काट कर सभी ने साक्षरता केंद्र में पदार्पण किया। उक्त कार्यक्रम में मैमुना सुलताना, आशुतोष चौबे, वीणा रावते, पुष्पा साहू, रामौतिन, महेशिया, सुंदर खेमा बाई उपस्थित रहे।

## राज्यपाल पुरस्कार शिक्षक भुवन लाल और हिम कल्याणी का डाइट ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शिक्षा जगत के गौरव और जिले की आन बान शान, इस वर्ष के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त नवाचारी शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा और व्याख्याता भुवन लाल साहू का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में आगमन हुआ। प्राचार्य जे के घृतलहरे ने डाइट परिसर पहुंचने पर दोनों का आत्मीय अभिनंदन किया।

इस अवसर पर डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि आप अपनी लगन, मेहनत, प्रतिभा के साथ खूब कार्य कीजिये। उत्साह के साथ बच्चों के लिए प्रतिदिन खूब मेहनत कीजिए। अगला लक्ष्य आपका राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करना होना चाहिए। हमें विश्वास है कि आप दोनों इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने विद्यालयीन बच्चों के साथ खूब मेहनत करेंगे और अपने साथ-साथ अपने माता-पिता, विद्यालय, परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने जो कार्य किया है। वह अतुलनीय है, अविस्मरणीय है, और हमारे हजारों शिक्षक साथियों के लिए अनुकरणीय है। इसी तरह व्याख्याता भुवन लाल साहू ने भी अध्यापन के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया है। चाहे राष्ट्रीय सह साधन प्रतिभावान परीक्षा हो, चाहे जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा हो, चाहे प्रयास विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा सभी में उनका योगदान अद्वितीय है। विद्यालय में हर वर्ष उनके विषय का परिणाम 100 फ़ीसदी रहता है। इसके साथ-साथ वह बच्चों के घर जाकर भी उनकी सारी शैक्षणिक समस्याओं का समाधान करते हैं। अनेक प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स रहे हैं। ऐसे अद्वितीय प्रतिभा के धनी भुवन लाल साहू और नवाचारी शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा को प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के सर्वोच्च शिक्षा सम्मान राज्यपाल पुरस्कार से अलंकृत किया है। जो बेमेतरा जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है।

## भिंभौरी कला और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी : पूर्व सीएम बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



छतीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज द्वारा बुधवार को ग्राम पिरदा (भिंभौरी) मे मांगलिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा महापुरुषों के तैल चित्रों पर माल्यार्पण करने के पश्चात मांगलिक भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान उन्होंने मंच से भी भिंभौरी क्षेत्र को कला और संस्कृति के क्षेत्र मे अग्रणी बताते हुए दानवीर दाऊ तुलाराम परगनिहा जिन्होंने अपनी सैंकड़ो एकड़ ज़मींन महिलाओं की शिक्षा के लिए दान कर दिया तो वहीं शब्द भेदी बान चलाने वाले ग्राम भिंभौरी निवासी स्व. कोदू राम वर्मा को भी नमन किया साथ ही उन्होंने अपने बीते कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि हमने स्वामी आत्मानन्द विद्यालय एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सेवा योजनाओं के माध्यम से महापुरुषों के नाम को बनाए रखने का कार्य प्रारम्भ किया था जिसे बनाए रखने की जवाबदारी वर्तमान सरकार की भी है किन्तु वह नाम परिवर्तन करने मे लगी हुई है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र मे दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने भी सिरकत की उन्होंने समाज के महापुरुषों को नमन करते हुए मांगलिक भवन के निर्माण पर धमधा राज के समस्त स्वजातियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही स्वयं को सर्व कुर्मी समाज के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मंच पर केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. केके नायक ,रायपुर राज प्रधान जागेश्वर परगनिहा, केंद्रीय अपील प्रभारी दाऊ तोरण नायक, केंद्रीय विवाह प्रभारी दुर्गा प्रसाद टिकरिहा, बली राम परगनिहा, बेमेतरा पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, साहब सालिक राम वर्मा, आदि मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रशेखर परगनिहा राज प्रधान धमधा राज द्वारा किया गया।

**बालिकाओं ने दी नृत्य की शानदार प्रस्तुतिः** उक्त लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान माँ सरस्वती डांस ग्रुप हरदी की बालिकाओं ने शानदार सामूहिक नृत्य से सबका मन मोह लिया तो वहीं लोक गायक दिलीप टिकरिहा द्वारा राजगित स्वागत गीत एवं सत्यभामा परगनिहा द्वारा तीज पर्व के गीतों का सुमधुर गायन किया गया जबकि हास्य कवि राम हृदय वर्मा ने सबको लोट पोट कर दिया। मांगलिक भवन ग्राम पिरदा के लोकार्पण के अवसर पर शिवा चन्द्रवंशी, पोषण वर्मा, फत्तेलाल वर्मा, प्रहलाद वर्मा, संरक्षक अरुण परगनिहा, प्रेमलाल (बबला) वर्मा, बुलाकी वर्मा, मनोज वर्मा, त्रिलोचन टिकरिहा, रीता अर्जुन वर्मा, लक्ष्मीलता वर्मा, मनोज वर्मा दीपक वर्मा, चन्द्रहास वर्मा,यशवंत वर्मा, ग्राम पंचायत पिरदा सरपंच अंजू संजू परगनिहा, ग्राम पंचायत गाड़ामोर सरपंच दिगम्बर परगनिहा, ग्राम पंचायत उफरा सरपंच रामखिलावन परगनिहा, टोपसिंह टिकरिहा,राजेन्द्र वर्मा, नारायण प्रसाद वर्मा चंदन, गगन परगनिहा, अश्वनी परगनिहा, आशीष परगनिहा, तुलसी नायक, विकास कश्यप आदि मौजूद रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान शानदार मंच संचालन का कार्य ओज़ कवि कमलेश वर्मा (व्याख्याता)के द्वारा किया गया।

### पार्षद की दबंगई, साथियों के साथ मिलकर युवक को पीटा

**भिलाई।** गणेश चंदा नहीं देने को लेकर पार्षद और उसके दोस्तों ने मिलकर एक युवक की जमकर धुनाई कर दी है। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। शिकायत पर पुलिस ने पार्षद समेत उसके दोस्तो के खिलाफ धारा 296,351(2),115(2),3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर वैशाली नगर निवासी अनुराग सिंह 11 सितंबर को गणेश पंडाल खाना खाने पहुचा था। इस दौरान निखिल ने गणेश चंदा नहीं देने को लेकर विवाद करने लगा। इस दौरान पार्षद अभिषेक मिश्रा को निखिल ने फोन कर पंडाल में बुला लिया। तब अनुराग को पार्षद अभिषेक मिश्रा, निखिल, पोल्हू समेत उसके साथियों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

**स्कूलों में देखा गया बाढ़ का असर**

# बाढ़ से नगर की बुनियादी व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत के सूरही नदी में आई बाढ़ से नगर की बुनियादी व्यवस्था चरमारा गई है। जहां समुचे नगर में बाढ़ का पानी आने से नगर पंचायत द्वारा पे जल की आपूर्ति करने वाले मोटर पम्प में आई खराबी के चलते नगर में अन्य माध्यमों से कई वार्डो में पानी की सप्लाई की गई। वहीं कुछ जगहों पर टेंकर से पानी पहुंचाया गया ।

### स्कूलों में भी दिखा बाढ़ का असर

बाढ़ का असर नगर सहित स्कूलों में भी देखने को मिला, जहां नगर के सभी स्कूलों में बाढ़ का पानी आने से कीचड़ का सामना करना पड़ा, वहीं स्थानीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बाड़ के चलते बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली बंद के चलते स्कूल परिसर में पानी नहीं होने के चलते बच्चों को मध्यान भोजन थोड़ा



विलम्ब से दिया गया। संचालक ने बताया की स्कूल के प्राचार्य को स्कूल परिसर में पानी की आपूर्ति ठप होने की सूचना दे दी गयी थी, वहीं नगर पंचायत के टेंकर से पानी की व्यस्था पश्चात बच्चों को भोजन कराया गया, कमोबेस सभी स्कूलों का यही हाल रहा ।

वहीं नगर पंचायत द्वारा अभी सभी मोटर पंप को सुधारने का कार्य किया जा रहा है, ताकि नगर में पेजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके ।

### बंदरों के उत्पात से बढ़ी पानी की समस्या

मध्यान भोजन संचालक और रसोइयो ने बताया कि नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आये दिन बंदरों के उत्पात के चलते पानी सप्लाई करने बाले पाइप को तोड़ दिया जाता है, वहीं नगर के आसाजिक तत्वों द्वारा

बोर में लगे वायर की चोरी कर लिए जाने के चलते भी पानी की आपूर्ति ठप रहती है, जहां यहां पढ़ने वालों बच्चों को ख़ासकर लड़कियों को काफी दिक्क़तों का सामना आये दिन करना पड़ता ,वहीं मध्यान भोजन पर भी इसका व्यापक असर देखने को मिलता है। आरती ढिमर रसोईया आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल देवकर ने बताया कि बाढ़ के चलते स्कूल परिसर में बिजली आपूर्ति ठप रही। नगर पंचायत से टेंकर मंगाकर मध्यान भोजन बनाया गया, सभी बच्चों ने खाना खाया।

